भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 28.03.2023

एमसीएफ में इनोवेशन करने वाले होगें पुरस्कृत–महाप्रबंधक

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने कोचों के निर्माण में लगे हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक इनोवेशन स्कीम लागू की है, जिससे कोच उत्पादन में नई–नई तकनीकों एवं गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा। वहीं लग्नशील एवं प्रतिभावान लोगों को सम्मान मिलेगा।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने संदेश में कहा कि, आरेडिका सेल्फ प्रोपेल्ड टाइप ट्रेनसेट कोचों जैसे इंटरसिटी, रैपिड मैट्रो कोच, वन्देभारत जैसे नए उन्नत तकनीकी के क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए तैयार हो रहा है। मैं आपके कार्य अनुभव और ज्ञान को नया आयाम देने के लिए तत्पर हूँ। एमसीएफ में एक इनोवेशन स्कीम लागू की जा रही है, जिसके तहत किसी भी कर्मचारी/पर्यवेक्षक/अधिकारी द्वारा किया गया कोई भी इनोवेशन जो व्यावहारिक हो और जिसके परिणाम स्वरूप यूनिट लागत में कमी, कोच के पूर्ण होने के समय में सुधार, विश्वासनीयता में सुधार और रखरखाव में कमी आती है तथा जिससे यात्री सुविधा में बढ़ावा मिलता है, उसे उचित रूप से व्यक्तिगत/सामूहिक नगद पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

28/3/2023
(आर एन तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी